समाचार

महापौर ने की मां वनसरादेवी की पूजा अर्चना

(धरती यज्ञ में शामिल हो पुण्य लाभ अर्जित किया)

कोरबा 12 फरवरी 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज पहाड़गंज पहुंचकर वहां पर स्थापित मां वनसरादेवी की पूजा अर्चना की तथा नगर के विकास व आमजन की सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होने वहां पर आयोजित विश्व धारिणी धरती महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

मां मड़वारानी मंदिर एवं सोहागपुर बस्ती से आगे स्थित पहाड़गंज में मां वनसरादेवी का भव्य मंदिर स्थित है, वहां पर ग्रामवासियों व आयोजकों द्वारा 09 फरवरी से 17 फरवरी तक विश्व धारिणी धरती महायज्ञ का पवित्र आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज वहां पर पहुंचकर मां वनसरादेवी की पूजा अर्चना की तथा महायज्ञ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। उन्होने मां वनसरादेवी से नगर के अमनचैन, शांति, विकास व आमनागरिकों की सुख–शांति तथा समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महापौर के साथ उनकी पुत्र वधु श्रीमती चांदनी अग्रवाल, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, संजय कुमार झा आदि के साथ अन्य लोगों ने भी मां के दर्शन किये।